UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 32 लाल बहादुर शास्त्री (महान व्यक्तिव)

पाठ का सारांश

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर, सन् 1904 को मुगलसराय (तत्कालीन वाराणसी वर्तमान चंदौली) के एक साधारण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम । शारदा प्रसाद तथा माता का नाम राजदुलारी देवी था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी कर लालबहादुर वाराणसी आ गए। पढ़ने-लिखने में इनकी विशेष रुचि थी। वे बहुत ही सीधे, साधे शांत और सरल स्वभाव के विद्यार्थी थे। जब लाल बहादुर बनारस के हरिश्चन्द्र हाई स्कूल में पढ़ रहे थे उस समय लोकमान्य बालगंगाधर तिलक का नारा “स्वराज हमारा जन्मसिद्ध
अधिकार है” पूरे देश में गूंज रहा था। इससे उन्हें देश प्रेम की प्रेरणा मिली। कुछ दिनों बाद बनारस में उन्हें गांधी जी को पहली बार देखने का अवसर मिला। उनके भाषण से वे बहुत प्रभावित हुए। अब वे पढ़ाई के साथ-साथ स्वराज आन्दोलन में भी भाग लेने लगे। गांधी जी का असहयोग आंदोलन आरंभ हुआ। लाल बहादुर भी पढ़ाई छोड़कर आन्दोलन में कूद पड़े।

आजादी की लड़ाई में उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। बाद में लाल बहादुर काशी विद्यापीठ में शिक्षा ग्रहण करने लगे। सन 1926 में उन्होंने शास्त्री की परीक्षा पास की। अब वे लाल बहादुर से लाल बहादुर शास्त्री बन गए। अध्ययन समाप्त कर शास्त्री जी देश सेवा में सक्रिय हो गए। उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं परिश्रम से प्रभावित होकर पंडित नेहरू ने उन्हें आनंद भवन में बुला लिया। देश स्वतंत्र हुआ। प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने उन्हें अपने मंत्रिमंडल में रेल मंत्री बनाया। फिर बाद में उन्हें उद्योग मंत्री तथा स्वराष्ट्र मंत्री का दायित्व दिया गया। उन्होंने सभी पदों पर बड़ी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया।

पंडित जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद शास्त्री जी सर्वसम्मति से भारत के प्रधानमंत्री बने। इनके प्रधानमंत्री बनने के कुछ समय बाद ही भारत पर पाकिस्तान ने आक्रमण कर दिया। इनके कुशल
नेतृत्व में युद्ध में भारत की जीत हुई। इस जीत ने भारत का मस्तक ऊँचा कर
दिया। युद्ध समाप्त होने के बाद रूस में भारत-पाकिस्तान के बीच ताशकंद समझौता हुआ। 10 जनवरी, सन 1966 की रात को हृदय गति रुक जाने से ताशकंद में ही उनका निधन हो गया। भारत ने अपने इस लोकप्रिय नेता को सदा-सदा के लिए खो दिया।

अभ्यास

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

प्रश्न 1.
लाल बहादुर शास्त्री का जन्म कहाँ हुआ था?
उत्तर :
लाल बहादुर शास्त्री का जन्म मुगलसराय (तत्कालीन वाराणसी वर्तमान चन्दौली) में। हुआ था।

प्रश्न 2.
शास्त्री जी ने रेल मंत्री का पद क्यों छोड़ा?
उत्तर :
उनके रेल मंत्री रहते एक भीषण रेल दुर्घटना हुई। शास्त्री जी ने दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए रेल मंत्री का पद छोड़ दिया तथा अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

प्रश्न 3.
देश में खाद्यान्न की समस्या होने पर शास्त्री जी ने क्या किया?
उत्तर :
देश में खाद्यान्न की समस्या को देखते हुए शास्त्री जी ने "जय-जवान, जय-किसान" का नारा देकर देश वासियों के स्वाभिमान को जगाया और देश में हरित क्रांति प्रारंभ हुई जिसके परिणाम स्वरूप भारत-खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बना।

प्रश्न 4.
शास्त्री जी के स्वभाव की क्या-क्या विशेषताएँ थीं?
उत्तर :
शास्त्री जी स्वभाव से सीधे-सादे, सच्चे, सरल हृदय, ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं परिश्रमी व्यक्ति थे।

प्रश्न 5.
लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर दस वाक्य लिखिए।
उत्तर :
विद्यार्थी स्वयं करें।

प्रश्न 6.
इन महापुरुषों के लोकप्रिय नारे कौन से थे ?
जैसे :- पं० जवाहर लाल नेहरू – आराम हराम है।
महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक, लाल बहादुर शास्त्री, सुभाष चंद्र बोस
उत्तर :

महापुरुष		उनके लोकप्रिय नारे
महात्मा गांधी	–	'अंग्रेजों भारत छोड़ो'
लोकमान्य तिलक	–	"स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है"
लाल बहादुर शास्त्री	–	'जय-जवान, जय-किसान'
सुभाष चंद्र बोस	–	"तुम मुझे खून दो, मैं तुझे आजादी दूँगा"

प्रश्न 7.
वर्षों को घटनाओं से जोड़िए –

https://www.evidyarthi.in/

सन् 1904 ई०	शास्त्री जी की मृत्यु
सन् 1926 ई०	भारत छोड़ो आंदोलन में शास्त्री जी जेल गए
सन् 1942 ई०	लाल बहादुर ने शास्त्री परीक्षा उत्तीर्ण की
सन् 1966 ई०	शास्त्री जी का जन्म

https://www.evidyarthi.in/